संख्या - 28
सितम्बर, 2025

# अकादमी न्यूज़

## डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल

**संरक्षक**

बी0 पी0 पाण्डेय, महानिदेशक

**सम्पादक**

डॉ0 महेश कुमार, संयुक्त निदेशक

**सहयोग**

ऋचांशु शर्मा, संयुक्त निदेशक (वित्त)
वी0 के0 सिंह0 उप निदेशक (कम्प्यू0)
मनोज कुमार
योगेश कुमार

**हमारा ध्येय**

हम लोक सेवकों, व्यावसायिकों, विकास कार्मिकों एवं जन–प्रतिनिधियों में कुशल कार्य निष्पादन हेतु क्षमता विकास का कार्य करते हैं।

**हमारी संकल्पना**

हम लोक प्रशासन एवं विकास में संलग्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों के क्षमता विकास के क्षेत्र में (प्रशिक्षण एवं परामर्श) सेवाएँ प्रदान करने वाली एक आत्मनिर्भर, अग्रणी एवं उत्कृष्ट संस्था बनने की संकल्पना करते हैं।





## बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की नवम बैठक

दिनांक 22 सितम्बर, 2025 को मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड श्री आनन्दवर्द्धन की अध्यक्षता में डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल की गवर्निंग बॉडी की बैठक आयोजित हुयी। महानिदेशक अकादमी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में अकादमी में संचालित 197 प्रशिक्षण कार्यक्रमों (7742 प्रतिभागी) का समीक्षात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया। अकादमी के अन्तर्गत विभिन्न मानक मदों में वित्तीय वर्ष के दौरान हुए व्ययों का विवरण भी प्रस्तुत किया गया। बोर्ड द्वारा अकादमी के भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए अनुमोदित किया गया।

- बोर्ड के सम्मुख वर्ष 2025–26 हेतु प्रस्तावित 81 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण भी प्रस्तुत किया गया, जिसे बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा अनुमोदित किया गया।
- बोर्ड को राज्य वित्त आयोग, उत्तराखण्ड द्वारा राज्य नगरीय विकास संस्थान, नैनीताल की कार्ययोजना वर्ष 2025–26 हेतु प्रस्तावित कार्यक्रमों / गतिविधियों से भी अवगत कराया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा डॉ. आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी की कार्यकारिणी समिति को निम्न निर्देश जारी किये :–

- शिक्षा विभाग द्वारा एस0सी0ई0आर0टी0 के माध्यम से प्रदेश के विद्यालयों में आपदा प्रबन्धन विषय को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में यह वार्ता हुई कि पूर्व से ही आपदा प्रबन्धन विषय को उक्त पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गाय है। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव द्वारा अपर सचिव, कार्मिक को निर्देश दिये गये कि पुनः अद्यतन पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में शिक्षा विभाग से समन्वय कर लिया जाय।
- शासन स्तर पर कार्मिक विभाग द्वारा भारत सरकार के ऑफिस मेमोरेंडम संख्या T-28/27/2025-iGOT, दिनांक 29 अगस्त, 2025 के स्वरूप में प्रदेश के कार्मिकों हेतु भी iGOT प्लेटफार्म पर प्रशिक्षण अनिवार्य किए जाने तथा उसे कार्मिकों की वार्षिक प्रविष्टि से जोड़े जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी, जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में इस व्यवस्था को adopt किए जाने के सम्बन्ध में विचार करने हेतु अपर सचिव, कार्मिक उत्तराखण्ड शासन को निर्देश दिये गये।
- अपर सचिव, कार्मिक द्वारा बैठक में यह सुझाव दिया गया कि अकादमी में वरिष्ठ अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु कोई एक्जीक्यूटिव हॉस्टिल उपलब्ध नहीं है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी द्वारा State ATIs में प्रशिक्षण कार्यक्रम किये जाने हेतु सैटेलाईट संस्थाओं की तरह ATIs से सम्पर्क किया जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में भी उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल में एक्जीक्यूटिव हॉस्टिल का निर्माण किया जाना उचित होगा। इस सम्बन्ध में महानिदेशक अकादमी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल द्वारा पूर्व में वित्तीय वर्ष 2024–25 में इस आशय का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। शासन स्तर पर उक्त प्रस्ताव की स्वीकृति पर विचार कर लिया जाय।

## 7th Professional Course for PCS (Executive) Officers



डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में दिनांक 18 नवम्बर, 2024 से दिनांक 08 फरवरी, 2025 तक की अवधि में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा उत्तराखण्ड राज्य सम्मिलित/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2021 के माध्यम से चयनित 71 अधिकारियों हेतु 15वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उक्त में से 09 प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों का अकादमी में दिनांक 15 सितम्बर, 2025 से 06 दिसम्बर, 2025 की अवधि में 7वॉ व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में दिनांक में 15 सितम्बर, 2025 को महानिदेशक महोदय द्वारा प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों को व्यावसायिक प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेने हेतु कहा गया। उद्घाटन सत्र के उपरान्त समस्त प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टरों द्वारा महानिदेशक महोदय के समक्ष जनपद प्रशिक्षण से सम्बन्धित प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किये गये ।

"शिक्षा का मकसद केवल किताबों का ज्ञान देना नहीं है, बल्कि समाज में एक अच्छा नागरिक बनाना है।" - महात्मा गांधी

## Visit of the Principal Secretary to the Academy

अकादमी में दिनांक 11 सितम्बर से 13 सितम्बर, 2025 के मध्य प्रस्तावित चिन्तन शिविर की प्रारम्भिक तैयारियों के दृष्टिगत दिनांक 01 सितम्बर, 2025 को प्रमुख सचिव, नियोजन, श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम द्वारा अकादमी का भ्रमण किया गया, जिसमें उनके द्वारा अकादमी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उक्त भ्रमण में श्री मनोज पन्त, निदेशक, सेतु आयोग, देहरादून; मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल; अपर जिलाधिकारी, नैनीताल व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## 56th Induction Course



अकादमी में दिनांक 18 अगस्त, 2025 से 16 सितम्बर, 2025 की अवधि में उत्तराखण्ड ग्रामीण निर्माण विभाग तथा सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के 38 सहायक अभियन्ताओं (सिविल/यान्त्रिक) हेतु एक माह का अनिवार्य 56वॉं सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम (राजपत्रित) आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन तंत्र की आवश्यकताओं व जन–अपेक्षाओं के अनुरूप प्रतिभागियों की क्षमता विकसित करना, प्रादेशिक सेवाओं के अन्तर सम्बन्धों, पारस्परिक निर्भरता के महत्त्व एवं उनके व्यवहार की समझ विकसित करना, व्यावसायिक, प्रशासनिक एवं मानवीय मूल्यों के विकास के प्रति अभिप्रेरित करना तथा प्रतिभागियों को एक कुशल लोक सेवक की भूमिका के निर्वहन के लिए तैयार कराना रहा, जिससे कि प्रशिक्षु अधिकारी प्रशिक्षण पश्चात् कार्य स्थल पर उत्कृष्टतापूर्वक कार्य कर सकें।

## Induction Training Programme for Newly Recruited Chairpersons and Members of Child Welfare Committees of Uttarakhand



डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के अन्तर्गत स्थापित सेन्टर फॉर गुड गवर्नेन्स द्वारा उत्तराखंड की बाल कल्याण समितियों के नवनियुक्त अध्यक्षों और सदस्यों हेतु 13 दिवसीय विशेष सेवा–प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 08 से 20 सितम्बर, 2025 की अवधि में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, नई दिल्ली, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से आयोजित किया गया है। उक्त सेवा–प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को नए सीडब्ल्यूसी सदस्यों को जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, 2015 और संबंधित नियमों की समझ प्रदान करना, बच्चों के अधिकारों, संरक्षण और पुनर्वास से संबंधित प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल की जानकारी देना, सीडब्ल्यूसी की भूमिका, शक्तियों और जिम्मेदारियों को स्पष्ट करना, बच्चों के साथ संवेदनशीलता और नैतिकता के साथ कार्य करने की क्षमता विकसित करना तथा विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय और सहयोग की रणनीतियों को समझाना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Evaluation of Training (EoT)



अकादमी में दिनांक 21 से 25 सितम्बर, 2025 के मध्य भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित 05 दिवसीय Evaluation of Training (EoT) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों/संस्थाओं के कुल 15 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों एवं विभागों में तैनात प्रशिक्षकों तथा ऐसे कार्मिकों हेतु निर्धारित है, जिन पर प्रशिक्षण की प्रभावशीलता एवं उपयोगिता का मूल्यांकन करने का दायित्व रहता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों के प्रशिक्षण मूल्यांकन के विभिन्न टूल्स एवं प्रक्रिया से संबंधित ज्ञान एवं कौशल के विकास हेतु प्रयास किया जाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्री–लर्निंग अध्ययन सामग्री प्रदान की गई, प्रशिक्षण को एक कार्यशाला के रूप में आयोजित किया गया तथा प्रशिक्षण पश्चात् समस्त प्रतिभागियों द्वारा एक प्रोजेक्ट तैयार कर प्रेषित किया जाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से अभ्यास करने का भी अवसर प्रदान किया गया।

## Design of Training (DoT)



अकादमी में दिनांक 15 से 19 सितम्बर, 2025 के मध्य भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित 05 दिवसीय Design of Training (DoT) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों/संस्थाओं के कुल 11 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों एवं विभागों में तैनात प्रशिक्षकों तथा ऐसे कार्मिकों हेतु निर्धारित है, जिनके द्वारा प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने का दायित्व रहता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों के प्रशिक्षण मॉड्यूल के संबंध में ज्ञान एवं कौशल के विकास हेतु प्रयास किया जाता है, जिस क्रम में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संगठन में कार्य–निष्पादन समस्याओं का चिह्नीकरण, प्रशिक्षण लक्ष्य व उद्देश्य का निर्धारण, विषयों का चयन, दिवसवार कार्यसारणी का निर्माण, प्रशिक्षण विधियों का चिह्नीकरण, प्रशिक्षकों का चयन, पाठ्य सामग्री का चयन व निर्माण, आवश्यक संसाधन की व्यवस्था तथा वित्तीय लागत इत्यादि को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण पश्चात् समस्त प्रतिभागियों द्वारा एक प्रोजेक्ट कार्य के रूप में अपने कार्य–क्षेत्र से संबंधित प्रशिक्षण मॉड्यूल को डिज़ाइन किया जाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से अभ्यास करने का भी अवसर प्रदान किया गया।

## Awareness Programme on Disaster Risk Reduction




आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 23–24 सितम्बर 2025 की अवधि में विकास खण्ड नैनीडांडा, जनपद पौड़ी गढवाल में तथा दिनांक 27 सितम्बर 2025 को तहसील नरेन्द्र नगर, जनपद टिहरी गढवाल में "Awareness Programme on Disaster Risk Reduction" विषयक दो सुदूरवर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 104 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आपदा के परिप्रेक्ष्य में सुरक्षा एवं प्रबन्धन के दृष्टिगत विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान कर जागरूकता बढ़ाना था, ताकि आपदा पूर्व व आपदा के समय त्वरित कार्यवाही हो सके।

## Outreach Training Programme

आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 25–26 सितम्बर 2025 को Right to Information Act, Sensitization on Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act 2013 तथा E-Governance Solutions (E-Office & IFMS System) विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तहसील नरेन्द्र नगर, जनपद टिहरी गढवाल में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूचना का अधिकार, E-Office व IFMS System तथा महिलाओं हेतु कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न के सम्बन्ध में विभिन्न नियमों व कानूनों की जानकारी प्रदान करना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 45 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

## Sensitization workshop on Child Rights



डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा एक–एक दिवसीय उत्तराखण्ड **"बाल अधिकार एवं सुरक्षा"** विषयक जन जागरूकता एवं संवेदीकरण सुदूरवर्ती दो कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। प्रथम कार्यशाला का आयोजन ऊधमसिंह नगर, काशीपुर में दिनांक 24.09.2025 को किया गया जिसमें कुल 310 प्रतिभागियों द्वारा एवं द्वितीय कार्यशाला का आयोजन हल्द्वानी में दिनांक 25.09.2025 को किया गया जिसमें 150 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यशालाओं में उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता, भारतीय न्याय सहिंता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं बालकों की नशे से सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, साईबर सुरक्षा, शारीरिक मानसिक एवं यौन शोषण से सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित किया गया। कार्यशाला के महत्वपूर्ण हितधारक– विद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं बाल सुरक्षा से संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रश्नोत्तरी एवं चर्चा के माध्यम से जानकारी आदान–प्रदान की गयी।

## Workshop on Skill Upgradation and Capacity Building for ICDS Officials



The Integrated Child Development Services (ICDS) framework plays a vital role in supporting vulnerable populations, including out-of-school adolescents. Equipping ICDS functionaries with the knowledge, skills, and tools to engage with this demographic is essential for fostering holistic development and community transformation. This workshop was organized on 16-17 September, 2025 aims to strengthen the capacity of ICDS officials to design and implement skill development programs tailored to the needs of out-of-school adolescents. Total 34 participants participated in the training programme.

**Objectives of the Training Programme :**

- To enhance the knowledge and skills of ICDS functionaries to effectively engage with out-of-school adolescents;
- To equip ICDS functionaries with methods to facilitate skill development among adolescents;
- To enhance advocacy skills among ICDS functionaries.
- To foster a collaborative network for resource mapping and partnerships to sustain skill development initiatives.

## Mentoring Skill Course



The **Mentoring Skill Course** for Trainers, Administrators and Professionals of various government organisation was organised from 8th to 10th September, 2025. The course was sponsored by the DoPT and was conducted by a Recognised Trainer developed by the DoPT, Govt. of India. The aim of the course was to help trainee to acquire an understanding of the concept of mentoring and the skills to carry out the duties of a mentor. In all 09 participants from various government departments participated in the course.

## Exposure Visit for Urban bodies & Parastatal Organisations



The State Institute of Urban Development (SIUD), Dr. Raghunandan Singh Tolia Uttarakhand Academy of Administration, conducted a three-days exposure visit for various urban local bodies & parastatal organisations from 23rd to 25th September, 2025 at Punjab. A total of 18 participants participated in the exposure visit. The primary focus of this visit was to study the best practices in the field of urban governance, SBM 2.0, PMAY, and urban mobility by visiting the following areas:

**"शिक्षा से हमें मानसिक स्वतंत्रता मिलती है, जो सच्ची आजादी का रास्ता है।" - डॉ. भीमराव आंबेडकर**

- Water and wastewater management systems.
- Community participation and the role of women in sanitation.
- Solid waste management system.
- City beautification projects.
- Smart city projects.

## Use of Geographic Information System (GIS) and other digital tools in Urban Planning & Governance

The State Institute of Urban Development (SIUD), Dr. Raghunandan Singh Tolia Uttarakhand Academy of Administration, conducted a three-day training program on "**Use of Geographic Information System (GIS) and other digital tools in Urban Planning & Governance**" from 29th September, 2025 to 1st October, 2025 at the Academy. A total of 25 participants from various Urban Local Bodies & parastatal organisations participated in the program.



**The objectives of the training program were :**

- To explain the role of GIS in urban governance.
- To apply GIS tools for sectorial analysis.
- To interpret and analyse spatial data.
- To integrate GIS with government initiatives.
- To enhance decision-making capacity.

## e-Governance Initiative, Emerging Technologies & Cyber Security

Training Program on e-Governance Initiative, Emerging Technologies & Cyber Security was organized from 25th to 27th September, 2025 at the Academy. Total 26 participants participated in this training programme.



**The objectives of the training program were:**

- To enhance the efficiency, transparency, accessibility, responsiveness and security measures of government services and operations and to Improve Awareness about Cyber Threats & Cyber-crime.
- To help government organizations develop skills to implement & use different e-Governance Framework and Initiative Solutions developed by Government.

## Training Events October, 2025

| S.N. | Name of the Training Programme | From | To | Course Director |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 7th Professional Course for PCS (Executive) Officers | 15.09.2025 | 6.12.2025 | Dr. Mahesh Kumar / Co CD - Poonam Pant |
| 2. | Sustainable Development and Solid Waste Management in Post Disaster Situations | 06.10.2025 | 08.10.2025 | Dr. Manju Pandey |
| 3. | ToT DPO's and CDPO's | 06.10.2025 | 09.10.2025 | Dr Anil Kumar Mishra |
| 4. | Orientation Training Programme for Elected Representative of Uttarakhand | 08.10.2025 | 09.10.2025 | Shreshtha Sachdeva |
| 5. | Himalayan Society of Geoscientists- Conference | 09.10.2025 | 10.10.2025 | Dr. Manju Pandey |
| 6. | Orientation Training Program for Elected Representative of Uttarakhand | 13.10.2025 | 14.10.2025 | Shreshtha Sachdeva |
| 7. | Awareness Programme on Disaster Risk Reduction | 13.10.2025 | - | Dr. Manju Pandey |
| 8. | Training Programme on Right To Information & Sensitization on Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act 2013 | 14.10.2025 | - | Dr. Manju Pandey |
| 9. | Training Programme on Procurement Rules, Accounting and Auditing in ULBs | 14.10.2025 | 16.10.2025 | Kruti Barpete |
| 10. | Training Programme on E-Governance Solutions (E-Office & IFMS System) | 15.10.2025 | - | Dr. Manju Pandey |
| 11. | Orientation Training programme for Elected Representative of Uttarakhand | 15.10.2025 | 16.10.2025 | Shreshtha Sachdeva |
| 12. | Direct Trainer Skills | 13.10.2025 | 17.10.2025 | V.K. Singh |
| 13. | Sevottam | 13.10.2025 | 15.10.2025 | Sudhir Kumar |
| 14. | Training Programme on Care and Protection of Children with special emphasis on Child Mental Health for Counselors, Social Workers and In-charge of CCIs | 13.10.2025 | 17.10.2025 | Dr Anil Kumar Mishra |
| 15. | Office & Financial Management | 13.10.2025 | 17.10.2025 | Poonam Pathak |
| 16. | One Day Training on Land Acquisition Processes | 17.10.2025 | 17.10.2025 | Sudhir Kumar |
| 17. | Integrated Capacity Building Programme PMAY (MP) | 16.10.2025 | 18.10.2025 | Shreshtha Sachdeva |
| 18. | Training Cum Study tour of Combined Foundation Course of Trainee Officers of BIPARD | 19.10.2025 | 25.10.2025 | Dr Anil Kumar Mishra |
| 19. | Training Cum Study Tour of Combined Foundation Course of Trainee Officers of BIPARD | 29.10.2025 | 04.11.2025 | Dr Anil Kumar Mishra |
| 20. | Office Management for Homeopathy Department | 27.10.2025 | 01.11.2025 | Poonam Pant |

डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी
आर्डवेल कैम्प, नैनीताल – 263001
**Dr. R. S. Tolia Uttarakhand Academy of Administration**
**Ardwell Camp, Nainital - 263001**

Phone फोन : 235011
: 236068
: 236149
STD एसटीडी : 05942
E-Mail ई–मेल
directoracademy@hotmail.com